दिनांक : 24.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बांसवाड़ा दौरे को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। श्री मोदी कल जिले के नापला गांव में 2800 मेगावॉट की माही–बांसवाड़ा परमाणु विद्युत परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही देशवासियों को 1 लाख 8 हज़ार करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे। इनमें राज्य सरकार के 30 हज़ार करोड़ रुपये के 48 विकास कार्य शामिल हैं। प्रधानमंत्री जोधपुर, बीकानेर और उदयपुर से नई रेलगाड़ियों को भी वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा 15 हज़ार युवाओं को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र वितरित किये जाएंगे।

000

प्रदेश में चल रहे जीएसटी बचत उत्सव के तहत लोगों को कर सुधार से होने वाले फायदों के बारे में बताया जा रहा है। इस उत्सव में व्यापारिक संस्थाओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ संवाद और बैठकें कर उन्हें सीधे उपभाक्ताओं तक फायदा पहुंचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों के नाम अपने संदेश में कहा है कि इस उत्सव के दौरान आयोजित हो रहे कार्यक्रमों का लाभ सभी उठाएं और अपने आस–पास के लोगों को भी इसके बारे में जागरुक करें। उन्होंने लोगों से स्वदेशी वस्तुएं खरीदने और व्यापारियों से स्वदेशी वस्तुएं बेचने का आग्रह किया।

.................

000

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि ऊर्जा और बिजली क्षेत्र में कृ षि का विविधीकरण देश की ज़रूरत है। आज नई दिल्ली में भारत जैव ऊर्जा और प्रौद्योगिकी एक्सपो के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि भारत की 65 प्रतिशत आबादी कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी है, और सकल घरेलू उत्पाद में उनका योगदान केवल 14 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि गाँवों में गरीबी और बेरोज़गारी किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण है। श्री गडकरी कहा कि वैश्विक बाज़ार अक्सर चीनी, मक्का, तेल और सोयाबीन जैसी फसलों की कीमतें तय करते हैं, इससे भारतीय किसानों पर असर पड़ता है।

000

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत दो करोड़ बयासी लाख से अधिक मकानों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया कि वर्ष 2016 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में 'सभी के लिए आवास' प्रदान करना है। इस योजना ने पात्र ग्रामीण परिवारों को रसोई और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं वाले पक्के मकानों के निर्माण में भी मदद की। मंत्रालय द्वारा इस वर्ष अगस्त तक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कुल चार करोड 12 लाख मकानों का लक्ष्य आवंटित किया गया था। इनमें से 3 करोड 85 लाख मकानों को मंजूरी दी जा चुकी है और दो करोड़ 82 लाख से ज़्यादा मकानों का कार्य पूरा हो चुका है।

000

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कल प्रदेशभर में कई कार्यक्रम होंगे। इसे स्वच्छता दिवस के रूप में भी मनाया जाएगा। 109वीं जयंती के मौके पर पंडित दीनदयाल राष्ट्रीय स्मारक स्थल पर जयपुर के धानक्या रेलवे स्टेशन पर विशेष कार्यक्रम रखा गया है। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान भी किया जाएगा।

000

शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन आज मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की आराधना की जा रही है। नवरात्रि के दौरान प्रदेशभर में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। अलवर में बाला किला स्थित करणी

माता मंदिर में चल रहे मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवक हो रही है। वहीं पांडालों में गरबा और डांडिया की भी धूम है। इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह बना हुआ है।

000

प्रदेश में मॉनसून की विदाई के बीच पूर्वी और दक्षिणी इलाकों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज छह जिलों झालावाड़, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और सलूम्बर में बरसात का अलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उदयपुर और कोटा संभाग के कुछ भागों में आगामी एक–दो दिन मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस बीच, पिछले 24 घंटों में लगभग सभी जिलों में मौसम साफ रहा। कल दिन का सबसे ज्यादा 39 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में दर्ज हुआ।

000